Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding conducting NEET exams twice a year.

श्री बालक नाथ (अलवर): महोदय, धन्यवाद। आपने बहुत जरूरी और भारत के लाखों छात्रों से जुड़े विषय को आज आपके सम्मुख उठाने का अवसर दिया है। महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार से निवेदन करना चाहता हूं कि जिस प्रकार से इंजीनियरिंग की पढ़ाई के लिए देश में जेईई की परीक्षायें साल में दो बार आयोजित की जाती है, लेकिन दूसरी तरफ जो नीट की परीक्षायें हैं, वो साल में केवल एक बार ही आयोजित की जाती हैं। बहुत से छात्र ऐसे हैं, जो किसी कारणवश उस परीक्षा में बैठ नहीं पाते या उसमें उनके नंबर कम रह जाते हैं, तो मेरा आपके माध्यम से सरकार से निवेदन है कि जेईई की भांति नीट को भी साल में दो बार आयोजित करके छात्रों को आगे मेडिकल क्षेत्र में जाने का अवसर प्रदान किया जाए। धन्यवाद।